हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 24 जुलाई 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 ग्राम बनवा में बन रही है अस्थाई गोशाला...



09 एक-दूसरे के गुण देखेंगे तो बनी रहेगी परिवार में ...



## खबर संक्षेप

### भ्रष्टाचार के विरोध में कांग्रेस का धरना 26 को

**विदिशा।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 26 जुलाई को दोपहर 12 बजे माधवगंज चौराहे पर धरना दिया जाएगा। प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था, अघोषित बिजली कटौती, जबरन स्मार्ट मीटर, महंगाई, खराब सड़कों और सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार के विरोध में यह धरना किया जा हरा है। जनहित के इन मुद्दों को लेकर पार्टी सरकार को घेरने की तैयारी में है। दोपहर 3 बजे जिला समन्वय समिति की बैठक होगी। जिसमें पूर्व विधायक, सांसद, प्रदेश पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष व कांग्रेस संगठन के विभिन्न विंग्स के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### आदर्श तिवारी को मिला राह-वीर पुरस्कार

**विदिशा।** सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद कर उनकी जान बचाने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करने हेतु केंद्र सरकार की राह-वीर योजना के अंतर्गत आदर्श तिवारी को 25 हजार की पुरस्कार राशि व प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। 8 जून 2025 की रात दुर्गा नगर स्थित एसबीआई एटीएम के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने महिला फूल बाई सेन को टक्कर मार दी थी। हादसे में वाहन सवार तीन अन्य लोग भी घायल हुए। मौके पर मौजूद आदर्श तिवारी ने सभी घायलों को तत्काल अपने निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जिला मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर यह सम्मान प्रदान किया गया।

### एसएस जाटव को जिला शिक्षाधिकारी का प्रभार

**विदिशा।** लोक शिक्षण संचालनालय ने लश्करपुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एसएस जाटव को जिला शिक्षाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। 13 जून को पूर्व प्रभारी डीईओ आरके ठाकुर के भोपाल तबादले के बाद यह पद खाली था। पिछले 39 दिनों से संयुक्त कलेक्टर शशि मिश्रा शिक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार संभाल रही थीं।

### भाजपाइयों ने मनाई चंद्रशेखर आजाद जयंती

**विदिशा।** भाजपा दुर्गा नगर मंडल द्वारा वीर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई। मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मिर्जापुर बायपास स्थित चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का गंगाजल व दूध से अभिषेक कर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया। चौहान ने आजाद जी के बलिदान को नमन करते हुए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महामंत्री रामप्रसाद पासी, राजू दांगी, विवेक सिंह सेंगर, सागर मीणा, लीलाधर लोधी समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एएसपी ने अभियान रथ को दिखाई हरिझंडी

**विदिशा।** शहर के चौक-चौराहों पर वीडियो प्रदर्शनी के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया गया। इस अभियान की शुरुआत एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे ने वीडियो प्रदर्शनी वाहन को हरी झंडी दिखाकर की। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की टीम द्वारा प्रेरक वीडियो प्रदर्शनी प्रस्तुत की गईं। जिसमें नशे के दुष्परिणामों और उससे बचने के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी सपना बहन, बीके जूली, लक्ष्मण, गगन एवं वीरेन सहित सीएसपी अतुल सिंह व थाना प्रभारी विमलेश राय मौजूद रहे।

### दूध विक्रेताओं व डेयरी का निरीक्षण किया

**विदिशा।** बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी एडलीन ई पन्ना ने अहमदपुर रोड, चुंगी नाका स्थित शर्मा डेयरी से दूध, छाछ तथा पनीर के नमूने तथा खरीफाटक रोड स्थित मनोहर डेयरी से भेंस का दूध और छाछ के नमूने एकत्रित किए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा किराना दुकानों का निरीक्षण कर अजय मार्केटिंग से खाद्य पदार्थ हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, डालडा वनस्पति, गुलाब जामुन मिक्स के नमूने एकत्रित किए हैं। जिन्हे जांच के लिए भेजा जाएगा।

## पिपलधार, आमखेड़ा कालू, बरखेड़ा माखू, वर्धा व सांगुल पंचायत का निरीक्षण

# गांवों में पहुंचकर कलेक्टर ने देखी योजनाओं की धरातलीय हकीकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले के कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बुधवार को नटेरन तहसील के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर विकास कार्यों और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर योजनाओं के लाभ, नवाचारों और आवश्यकताओं की जानकारी ली।

कलेक्टर ने अपने भ्रमण की शुरुआत ग्राम पंचायत पिपलधार से की। जहां उन्होंने बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। तत्पश्चात ग्राम आमखेड़ा कालू में वाटरशेड परियोजना, आंगनबाड़ी केंद्र और प्राचीन वटवृक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने बरखेड़ा माखू और वर्धा पंचायतों में चल रहे वाटरशेड कार्य, जन सुरक्षा शिविर, पीएमश्री स्कूल, आयुर्वेदिक औषधालय और



विदिशा। नटेरन तहसील के गांवों में पहुंचकर हकीकत जानते हुए कलेक्टर।

सामुदायिक भवन निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। ग्राम सांगुल में कलेक्टर ने गौशाला, संतरे का बगीचा, पीएम आवास, तथा वाटरशेड योजनाओं का जायजा लिया।

उन्होंने श्री राधे कृष्ण गौशाला में पहुंचकर गौ संवर्धन कार्यों को भी सराहा। कलेक्टर श्री गुप्ता ने ग्रामीणों से बातचीत कर किसानों के केसीसी जारी होने की स्थिति जानी और जहां कार्ड जारी नहीं हुए थे वहां शीघ्र प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि उद्यानिकी फसलों के माध्यम से किसान आय में वृद्धि कर सकते हैं और इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर हरसंभव सहायता दी जाएगी। ग्रामीण महिलाओं के स्व-सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की गई। उन्होंने इन समूहों के माध्यम से महिलाओं के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन को प्रेरणास्पद बताया।

### ग्रामीणों को बीमा योजनाओं का लाभ लेने दी समझाइश

*कलेक्टर ने जल संरक्षण पर विशेष बल देते हुए वाटरशेड ग्रामों में फलदार और सब्जी वाले पौधे अधिक से अधिक लगाने की सलाह दी।*

*उन्होंने बताया कि खेत तालाब योजना के अंतर्गत मनरेगा की राशि से किसानों के खेतों में निजी तालाब बनवाए जा रहे हैं, जिससे सिंचाई की समस्या दूर होगी। भ्रमण के दौरान लीड बैंक ऑफिसर भगवान सिंह बघेल ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के तहत वार्षिक प्रीमियम मात्र 20 से 436 रुपए तक है और दुर्घटना या मृत्यु की स्थिति में 2 लाख तक की सहायता दी जाती है। बीमा अवधि में कोई दुर्घटना नहीं होने पर जमा राशि ब्याज सहित वापस प्राप्त की जा सकती है।*

*भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ, नटेरन एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए प्रशासन संकल्पित है और योजनाओं के सही क्रियान्वयन के लिए भ्रमण और संवाद किया जा रहा है।*

# खाई रोड पर युवक के साथ चाकूबाजी, गंभीर

## युवक मेडिकल कॉलेज में भर्ती, परिजन बोले हमला करने वाले आरोपी आदतन अपराधी हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत खाई रोड स्थित झूलनपीर के पास सोमवार को एक युवक पर तीन युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पीड़ित की पहचान एहसान कुरैशी के रूप में हुई है।

परिजनों ने तीन युवकों के नाम पुलिस को बताए हैं। परिजनों ने बताया कि तीनों ने मिलकर एहसान पर जानलेवा हमला किया और चाकुओं से कई वार किए। मामले की शिकायत कोतवाली थाने में की गई है, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। पुलिस की लापरवाही से आक्रोशित परिजन मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंचे और आरोपी युवकों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर लिखित ज्ञापन सौंपा।

परिजनों ने बताया कि आरोपी पहले भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं और उनके खिलाफ सख्त एवं शीघ्र कार्रवाई जरूरी है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। एहसान के भाई अरमान खान सहित शानू पठान ने कहा कि आरोपी आदतन अपराधी हैं। कोतवाली टीआई आनंद राज ने बताया कि शम्मू कुरैशी और उनके बेटे डब्बू कुरैशी व शाका कुरैशी ने चाकू मारे। जिनमें से डब्बू आदतन अपराधी है। पुलिस ने प्राणघातक हमला होने का मामला दर्ज किया है।

# अतिक्रमण के खिलाफ चली प्रशासन की जेसीबी मशीन

## पुरानी कलेक्ट्रेट से दुर्गानगर चौराहे तक कार्रवाई



विदिशा। अतिक्रमण हटाता हुआ नपा का अमला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नपा के अतिक्रमण विरोधी अमले ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए पुरानी कलेक्ट्रेट रामद्वारा से लेकर दुर्गानगर चौराहे तक अवैध अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमणकारियों से नपा के अमले ने 23 हजार रुपए जुर्माना भी वसूली किया।

सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा जमाए ठेले, फड़, टीन शेड और दुकानों के बाहर रखा सामान हटाया गया। कई स्थानों पर लोगों को चेतावनी देकर हटवाया गया। वहीं कुछ जगहों से सामान जब्त भी किया गया। अतिक्रमण विरोधी दस्ता प्रभारी विजय वाघमरे ने बताया कि यह अभियान यातायात व्यवस्थित करने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रास्तों पर कब्जा कर व्यवसाय करने वालों को चेतावनी दी गई है कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाएं, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 1075 मिमी में से अब तक 474 मिमी बारिश

**विदिशा।** एक जून से 23 जुलाई तक जिले में 474 मिमी औसत बारिश दर्ज की जा चुकी है। यह बारिश 53 दिन में हुई है। जिले में इस साल अब तक सबसे अधिक बारिश पठारी में दर्ज की गई है। यहां अब तक 700 मिमी बारिश दर्ज हुई है। जबकि पिछले साल 520 मिमी बारिश दर्ज हुई थी। हालांकि विदिशा में 23 जुलाई तक पिछले साल और इस साल हुई बारिश की तुलना करें तो लगभग बराबर है। विदिशा में अब तक 500 मिमी बारिश हो चुकी है। जबकि पिछले साल 23 जुलाई तक 508 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। पिछले 24 घंटे में विदिशा में 40 मिमी, बासौदा में 27 मिमी, कुरवाई में बारिश नहीं हुई। सिरोंज में 2 मिमी, लटेरी में बारिश नहीं हुई। ग्यारसपुर में 48 मिमी, गुलाबगंज में 5 मिमी, नटेरन में 6 मिमी, शमशाबाद में बारिश नहीं हुई और पठारी में 45 मिमी बारिश दर्ज की गई।

# खबर का असरः एसडीएम - तहसीलदार ने किया ढैकीनाथ बुद्धस्तूप का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर की ऐतिहासिक धरोहर ढैकीनाथ बौद्ध स्तूप के पास निर्माण कार्य को लेकर उठी आपत्तियों के बाद प्रशासन हरकत में आया।

अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद एसडीएम मनोज कुमार उपाध्याय और तहसीलदार सौरभ मालवीय ने स्थल का निरीक्षण किया। बताया गया कि जल निगम द्वारा क्षेत्र में बड़ी पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है, जिसके लिए वन विभाग ने लगभग 5 बीघा भूमि उपलब्ध कराई है। निर्माण से



मौके पर पहुंचकर जांच करते अधिकारी।

पहले हरे-भरे जंगल का समतलीकरण किया गया था, जो कि पुरातत्व अधिनियम के नियमों के विरुद्ध बताया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्माण हेतु वन विभाग से विधिवत अनुमति ली गई है और इसका उद्देश्य आसपास के गांवों को जल आपूर्ति सुनिश्चित करना है। मामले को लेकर प्रशासन अब सतर्कता बरत रहा है।

### किसानों ने भूमि अधिग्रहण मुआवजे में वृद्धि की मांग की

**विदिशा।** गुलाबगंज के ग्राम रामपुर चकपाटनी के किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए भूमि अधिग्रहण के एवज में उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के लिए अधिग्रहित की जा रही उनकी भूमि उपजाऊ और औद्योगिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। वर्तमान में उन्हें मात्र 5 लाख प्रति बीघा की दर से मुआवजा दिया जा रहा है, जबकि आसपास के गांवों खरी और मणिपुर में 10 से 15 लाख रुपए प्रति बीघा तक मुआवजा दिया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि रामपुर चकपाटनी, उक्त दोनों ग्रामों के मध्य स्थित है और यहां पहले से ही क्रेशर प्लांट, डामर इकाइयां, वेयरहाउस एवं अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान हैं।

# पुलिस पंचायत में गूंजीं बुजुर्गों की आवाज़, कई मामलों का मौके पर निराकरण, वृद्धा को मकान वापस मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से गठित सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत की बैठक बुधवार को एसपी कार्यालय में आयोजित की गई।

बैठक में पहुंचे बुजुर्गों की व्यथाएं न केवल सुनी गईं, बल्कि कई मामलों में मौके पर ही राहत दी गई। अधिकांश मामलों में पारिवारिक विवादों को आपसी समझाइश और सहमति से सुलझाया गया। विदिशा की एक बुजुर्ग महिला ने शिकायत की थी कि उनके पुत्र ने धोखे से उनके नाम का मकान अपने नाम रजिस्ट्री



सीनियर सिटीजन की समस्याएं सुनते एएसपी

करवा लिया। पंचायत की समझाइश और समझदारी से बेटे ने मकान फिर से मां के नाम कर दिया। वृद्धा ने भावुक होकर कहा, जो असंभव लग रहा था वह बिना किसी कोर्ट-कचहरी और खर्चे के संभव हो गया। बासौदा निवासी एक वृद्ध ने पहले बेटे द्वारा मारपीट की शिकायत की थी। सुनवाई के दौरान उन्होंने बताया कि अब बेटा हार्ट अटैक से पीड़ित है और उसका इलाज वह खुद करवा रहे हैं। पंचायत ने पिता के इस त्याग को सराहनीय बताते हुए सम्मान दिया।

### टपकते पानी से परेशान बुजुर्ग को मिली राहत

शमशाबाद के एक बुजुर्ग ने बताया कि घर की मरम्मत न होने से वे पानी टपकने और रहने की दिक्कतों से जूझ रहे हैं। पंचायत की समझाइश के बाद दोनों बेटों ने टीन शेड लगाने और भोजन की नियमित व्यवस्था करने की सहमति दी।

### बेटे ने मांगी माफ़ी

एक सेवानिवृत्त रेलवेकर्मी ने अपने बेटे द्वारा मारपीट किए जाने की शिकायत की। सुनवाई में बेटे ने अपनी गलती स्वीकारते हुए पिता से माफी मांगी, उनके पैर छुए और भविष्य में विवाद न करने का वादा किया। पुलिस पंचायत बुजुर्गों के लिए वरदान साबित हो रही है।

# मगधम स्कूल में फिर गूंजा लोकतंत्र का स्वरः छात्रों ने बनाई अपनी ईवीएम, डाले 1700 से अधिक वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मगधम इंटरनेशनल स्कूल में एक बार फिर लोकतंत्र का अद्भुत उत्सव देखने को मिला। हेड बॉय, हेड गर्ल और हाउस कैप्टन के चुनाव में 1700 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मतदान किया।

खास बात यह रही कि मतदान के लिए छात्रों ने स्वयं इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन डिजाइन और तैयार की, जिससे तकनीकी दक्षता और लोकतांत्रिक मूल्य दोनों का समावेश हुआ। चुनाव में हेड बॉय पद के लिए मृदुल शर्मा, सक्षम मीना और त्रिगुण शर्मा मैदान में रहे, जबकि हेड गर्ल के लिए अविका



विदिशा। वोटिंग के बाद स्याही का निशान देखाते बच्चे।

दुबे, सिद्धि शुक्ला, श्रेया श्री और निशा नागरवार ने जोरदार प्रचार किया। चारों हाउसों के कैप्टन और वाइस कैप्टन के लिए कुल 64 छात्र मैदान में थे।

पूरे मतदान और ईवीएम संचालन की जिम्मेदारी भी छात्रों ने ही संभाली, जिसे देखकर शिक्षकों ने सराहना की। संस्था प्रमुख रचना नायर ने कहा, "यह केवल चुनाव नहीं, भविष्य के जिम्मेदार नागरिकों को गढ़ने की दिशा में हमारा प्रयास है।" परिणाम 1 अगस्त को घोषित होंगे और विजेताओं का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

# 41 सूत्रीय मांगों को लेकर डाकघर में की नारेबाजी




विदिशा। डाकघर के सामने प्रदर्शन करते कर्मचारी।

**विदिशा।** भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ द्वारा मंगलवार को केन्द्र सरकार की नीतियों और उपेक्षा के विरोध में डाक कर्मचारियों की 41 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधान डाक घर परिसर में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। संघ के संभागीय सचिव संतोष पचरैया ने बताया की डाक कर्मचारी महासंघ राष्ट्रवादी विचारधारा का संगठन है। उद्योग हितों को ध्यान में रखते हुए रात्रि कालीन धरना देने का निश्चय किया गया था, लेकिन अत्याधिक बारिश के कारण नारेबाजी और प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर भारतीय पोस्टल पेंशन संघ के प्रांतीय सचिव मनमोहन शर्मा, संतोष पचरैया, संतोष नामदेव, सौरभ पंथी, राहुल चिराड, कलेक्टर सिंह, संगीता ओधिच्य कविता राजपूत, स्वाति बिंदल , अंकिता गुप्ता, आदेश जैन , पंकज पटवा, काजल नेमा सहित आदि मौजूद रहे।

## विश्व हिंदू परिषद द्वारा समरसता गोष्ठी का आयोजन किया गया

# सभी हिंदू सहोदर हैं, यह संतों का उद्घोष हैः विनायक राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान में रविन्द्रनाथ टैगोर ऑडिटोरियम में समरसता गोष्ठी का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विहिप के केंद्रीय सह संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडे ने कहा सभी हिन्दू सहोदर भाई हैं। यह उद्घोष 1969 में उडूपी में आयोजित धर्म संसद में संतों द्वारा किया गया था। उन्होंने बताया कि 1994 की काशी धर्म संसद में डोम राजा को आमंत्रण देने स्वयं संत उनके घर गए और उनका आदर कर उन्हें अधिवेशन में आमंत्रित किया, जहां संतों ने पुष्पमालाओं से उनका



विदिशा। ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

स्वागत किया। श्री देशपांडे ने कहा कि विहिप ने वनवासी, जनजाति, अति पिछड़ी व पिछड़ी जातियों को ग्राम पुजारी के रूप में प्रशिक्षित कर समाज में समरसता का संदेश दिया है। उन्होंने बताया कि 1989 में श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के तहत शिलान्यास कार्य एक अनुसूचित जाति के कार्यकर्ता कामेश्वर चौपाल से करवाना भी विहिप की समरसता नीति का परिणाम था।

उन्होंने भीमराव अंबेडकर का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की अनेक जातियों के गोत्र समान हैं, जो इस बात का संकेत है कि वे सभी एक पूर्वज की संतान हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू द्वारा कराए गए एक शोध का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समाज के लोग मुगलों से पराजय के बाद मैला ढोने का कार्य स्वीकार कर सकते थे, पर उन्होंने कभी अपना धर्म नहीं छोड़ा। ऐसे लोग वास्तव में धर्म योद्धा हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड शिक्षक नवनीत राम दिवाकर ने की। उन्होंने कहा कि विहिप सभी जातियों को एक साथ जोड़ने का कार्य कर रही है, जहां सभी के लिए समान जल स्रोत, देव स्थान और श्मशान हों।

विशेष अतिथि मेडिकल कॉलेज के एचओडी डॉ. राज किशोर सिंह शाक्य ने विहिप के सामाजिक समरसता प्रयासों की सराहना की। वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधि चौधरी राजेन्द्र गौहर सहित कई गणमान्य मंचासीन थे। संचालन विभाग सह मंत्री चंद्रभान सिंह बघेल ने किया और आभार प्रांत सह मंत्री मलखान सिंह ठाकुर ने व्यक्त किया।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2650
उच्चतम भाव- 3405
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2500
उच्चतम भाव- 2800
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-2480
चना
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6125
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3050
उच्चतम भाव-3592
धान
न्यूनतम भाव-1440
उच्चतम भाव-2880
मसूर
न्यूनतम भाव-4250
उच्चतम भाव-8670
सरसों
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-8230
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2220
उच्चतम भाव-7720
मूंग
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-7720
उड़द
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-5650
धनिया
न्यूनतम भाव-6400
उच्चतम भाव-6501
बटरी
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3482
तुअर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-5000

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मडी में 8744 बोरे उपज की आवक हुई।

## नपा के प्रयासों से अब लावारिस मवेशियों की समस्या होगी दूर

# ग्राम बनवा में बन रही है अस्थाई गोशाला, अगले सप्ताह से होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में लावारिस मवेशी एक गंभीर समस्या बने हुए हैं। सडकों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर जमे इन लावारिस मवेशियों के चलते जहां यातायात बाधित हो रहा है, वहीं आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। वहीं आपस में मवेशियों की लडाई के कारण भी लोग घायल और वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। नगर की इसी समस्या के समाधान के लिए अब नपा प्रशासन ग्राम बनवा में अस्थाई गोशाला तैयार करवा रहा है, जहां पूरी सुविधा के साथ लावारिस मवेशियों को रखा जाएगा।

यहां उल्लेखनीय है कि ग्राम बनवा में नपा को प्रशासन द्वारा करीब 8 बीघा भूमि फल एवं सब्जी बाजार के लिए उपलब्ध कराई गई है। इस भूमि पर अभी फल सब्जी बाजार विकसित करने में काफी समय है। ऐसे में इस भूमि का उपयोग अस्थाई गोशाला के रूप में करने का निर्णय लिया गया है।





लावारिस मवेशियों से उत्पन्न समस्या को लेकर नागरिक लगातार नपा और प्रशासन को शिकायतें कर रहे हैं और इस समस्या के समाधान की मांग करते आ रहे हैं। पूर्व में नपा ने मवेशियों को पकडकर गोशालाओं में भी पहुंचाया था, लेकिन गोशाला संचालकों से पर्याप्त सहयोग न मिलने पर समस्या समाधान नहीं हो सका था। जिसको लेकर एसडीएम विजय राय ने नपा सीएमओ एवं जनपद सीईओ को इस संबंध में पत्र भी जारी किया था। जिसके बाद पिछले दिनों एसडीएम विजय राय के निर्देशानुसार नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव एवं नपा प्रशासन और पार्षदों ने आपसी विचार कर ग्राम बनवा की भूमि में अस्थाई गोशाला बनाने का निर्णय लिया गया।

इसके बाद ही नपा प्रशासन ने ग्राम बनवा की उक्त भूमि का समतलीकरण शुरू करवा दिया है। साथ ही अब इस भूमि में 50 गुणा 100 फीट का विशाल टीनशेड, पत्थर का फर्श, फेंसिंग, पानी, बिजली की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इस अस्थाई गोशाला का बुधवार को सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, नपा नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, पार्षद शिवानी धर्मेन्द्र कुशवाह, रिचा संजय भावसार ने निरीक्षण किया। इस मौके पर उपयंत्री नरेन्द्र सिंह चौहान, वरूणेन्द्र चौबे, राजकुमार शर्मा ,भवानी प्रजापति मौजूद थे। इससे पूर्व वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव भी गोशाला निर्माण का जायजा ले चुके हैं।

इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव का कहना है कि एसडीएम के मार्गदर्शन में नपा द्वारा अस्थाई गोशाला बनवाई जा रही है। ताकि लावारिस मवेशियों को सुरक्षित आश्रय मिल सके।

## सिंधी मेला समिति के तत्वावधान में कुकिंग प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को सिंधी मेला समिति के तत्वावधान में कुकिंग प्रतियोगिता सिंधी धर्मशाला में आयोजित की गई। जिसमें सिंधी समाज की सभी बहनें अपने घर से स्वादिष्ट पारंपरिक सिंधी व्यंजन बनाकर लाईं। कार्यक्रम का शुभारंभ नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं एसडीओपी शिखा भलावी ने किया एवं कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

## ब्लॉक स्तरीय योग प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शालेय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत सेंट एसआरएस पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में ब्लॉक के नवांकुर विद्यापीठ, डॉल्फिन स्कूल, सांदीपनी स्कूल, सीएम राइजिंग स्कूल राजेंद्र नगर, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल उदयपुर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता गुरुवार को सेंट एसआरएस पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न होगी। ब्लॉक स्तरीय योग प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी इसमें भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में खेल शिक्षक कपिल कुमार गौड़, विजय कुमार शर्मा, गजेंद्र दांगी, सुनील शर्मा, गौरव भारद्वाज, राजेश दांगी, चेतन माथुर, वंदना की विशेष भूमिका रही।

## जन्मदिवस पर किया रुद्राभिषेक, गोसेवा



**गंजबासौदा।** श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी डॉ रामकमलाचार्य वेदान्ती महाराज द्वारा जीवाजीपुर में स्थापित वेदान्त आश्रम में चल रहे मासिक पार्थिव शिवलिंग अभिषेक पूजन अर्चन के दौरान बुधवार को यजमान किशोरीलाल शर्मा ने अपने पौत्र के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर भूत भावन का दिव्य रुद्राभिषेक, गौ सेवा एवं आश्रम में अध्ययनरत वैदिक बटुक ब्रम्हचारियों के लिए भंडारा कर आशीर्वाद लिया। जन्मदिवस के शुभ अवसर पर महाराजश्री ने रुद्र उत्पति की कथा सुनाते हुए कहा कि ब्रम्हा एवं विष्णु दोनों को अत्यंत नम्र देखकर मधु के सामान पिंगल नेत्र वाले भगवान शिव उनकी सत्य प्रशंसा को सुनकर प्रसन्न हुए उमापति त्रिलोचन, पिनाकी एवं त्रिशूली, दक्ष के विनाशक शिव प्रसन्न हुए उनके अमृत समान वचन को सुनकर सब जानते हुए भी महादेव ने उनसे पूछा। परस्पर एक दूसरे का हित चाहने वाले तुम दोनों महात्मा कौन हो ? इस भयानक महा बाढ़ में कमल के समान नेत्र वाले किस प्रकार मिले हो। एक दूसरे को देखते हुए उन महान आत्माओं ने कहा आपसे कोई बात छिपी नही है। हे महामाया वाले प्रभू रुद्र आपने ही हम दोनों को उत्पन्न किया है। अपनी इच्छा से उनकी बातों को सुनकर उनको सम्मानित करके अभिनंदन करके उनसे मधुर शब्दो मे कहा मैं नित्य तुम्हारे शाश्वत मूल्य वाले भक्ति पूर्ण वचनों से प्रसन्न हूं, तुम दोनों मुझको हृदय से बढ़कर प्रिय हो। मैं अब तुम दोनों को क्या दू वरो में जो अभिष्ट वर हो उसको मांगो। तब महाभाग्यवान विष्णु ने शिव से कहा, हे प्रभु आपके द्वारा सब कुछ दे दिया गया है, यदि आप मुझ पर प्रसन्न हैं तो हे शंकर आपमें मेरी दृढ़ भक्ति रहे ये वरदान दीजिये। इस प्रकार प्रार्थना किये जाने पर भगवान शिव ने उसको अनुभव किया, उन्होंने विष्णु का आदर करके अपने चरण कमल में उनको अचल भक्ति प्रदान की और कहा तुम इस संसार के सृष्टा हो तुम इसके पालन हार देवता हो हे वत्स तुम्हारा कल्याण हो अब मैं जाता हूँ। ऐसा कहने के बाद भगवान शंकर ने ब्रम्हा को भी वरदान दिया बहुत प्रसन्न हो उन्होंने ब्रम्हा को अपने पवित्र हाथों से थपथपाया और कहा निश्चय ही तुम मेरे समान हो और तुम मेरे भक्त भी हो तुम्हारा कल्याण हो। मैं अब चलूंगा हे सुव्रत तुम्हारे भीतर सदा जागरूकता रहे ऐसा कहकर गणों के स्वामी सब देवो से नमस्कृत भगवान अंतर्ध्यान हो गए। विष्णु से पूर्ण ज्ञान प्राप्त कर ब्रम्हा ने सृष्टि की रचना की।

## हम सबके आराध्य सूर्य देव हैं : एसके सैनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भरतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के तहसील प्रभारी सुरेश सैनी ने गत वर्ष की परीक्षा में मेरिट में आए छात्र-छात्राओं को स्कूलों में जाकर प्रमाण पत्र एवं अनुग्रह राशि भेंट की, साथ ही उन्होंने बताया कि गायत्री के देवता सूर्यदेव हैं,यदि बच्चे प्रातः काल उठकर उगते हुए सूर्य का दर्शन करेंगे और पांच बार गायत्री मंत्र के अर्थ का चिंतन करते हुए गायत्री मंत्र बोलेंगे तो उनकी बुद्धि बहुत तेज होगी और उनके जीवन में ज्ञान का प्रकाश उतरेगा। संसार में देवी देवता तो बहुत हैं, किंतु छात्रों एवं बच्चों के चैतन्य देवता माता-पिता और गुरु हैं। उन्हें अपने माता पिता और गुरु की आज्ञा मान कर इन की सच्ची पूजा करना चाहिए। वर्तमान में गायत्री परिवार का स्कूलों में जाकर परीक्षा में मेरिट में आये छात्रों को पुरुस्कार वितरण और गुरुजनों को सम्मानित करने का अभियान चल रहा है। गायत्री परिवार द्वारा जिला स्तर पर प्रथम आने वालों को 700 रुपये, दूसरे स्थान पर 500 और तीसरे स्थान पर आने वालों को 400 रुपए तथा तहसील स्तर पर प्रथम आने वालों को 350 रुपये और दूसरे को 250 और तीसरे स्थान पर आने वाले छात्रों को 150 रुपए प्रोत्साहन राशि और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है। वहीं इस अभियान में जुड़े प्राचार्य और गुरुजनों को श्रीफल, प्रमाणपत्र और गायत्री मंन्त्र के चित्र, महापुरुषों के चित्र और पूज्य गुरूदेव और माताजी के चित्र भेंट कर सम्मानित कर रहे हैं। सेंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक केएस यादव, प्रभारी कृष्ण पाल सिंह चौहान, दिनकर कद्रे एवं दीपेश मीना तथा तहसील स्तर पर प्रथम आई छात्रा कुमुद दांगी को सम्मानित किया। वहीं डॉल्फिन स्कूल में संदीप जेटली प्राचार्य और प्रभारी प्रशांत कुर्मी का सम्मान किया गया। छात्र अर्णव तिवारी जिला में प्रथम ,डिम्पल रघुवंशी जिला में तृतीय आरवी जैन तहसील में तृतीय, रतन बाई जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक छात्र तहसील में प्रथम, एक छात्र द्वितीय और दो छात्र तृतीय स्थान पर आये। माध्यमिक शाला हथोड़ा का एक छात्र तहसील में प्रथम, स्कॉलर पब्लिक स्कूल का एक छात्र तहसील में प्रथम रहा। पीएमश्री कन्या उमा शाला में विकासखंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार ने पुरुस्कार वितरण किये। शाला में महक राठौर जिला में प्रथम राघव दुबे तहसील मे प्रथम और शिखा अहिरवार तहसील में द्वितीय आईं। शाला में शिक्षिका वंदना भार्गव और बीईओ परता अहिरवार का भी गायत्री परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। इस अभियान में सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष और पूर्व स्टेशन प्रबंधक राकेश भरद्वाज, सुधा भारद्वाज, सुरेश सैनी, साधना सैनी, रामकिशन सैनी, नारायण सिंह दांगी, वंदना देवधर का सक्रिय सहयोग रहा।

## स्वच्छता के प्रति आमजन को किया जागरुक




**गंजबासौदा।** बुधवार को फीडबैक फाउंडेशन चेरीटेबल ट्रस्ट एवं नगर पालिका परिषद के स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत सम्राट अशोक अकेडमी हाई स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष मोहन भावसार, वरिष्ठ भाजपा नेता रोहित भावसार, संचालक, परियोजना प्रबंधक पियूष यादव, मनीष राजपूत, रजनीश यादव, नीरज कुमार सहित समस्त स्वच्छता टीम उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### नपा अमले ने दुकानदारों से वसूला किराया



**गंजबासौदा।** बुधवार को नगरपालिका अमला उन दुकानों पर पहुंचा जिनके द्वारा कई वर्षों से किराया जमा नहीं किया गया था। टीम द्वारा नगर में भ्रमण करते हुए दुकानदारों से लगभग 70000 रुपए की वसूली की गई। इस दौरान नपा टीम में नीरेंद्र डे, खुमान सेन, बंटी जैन एवं शरद शर्मा शामिल रहे।

## बिजली के खंभे से फैले करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**गंजबासौदा।** बुधवार को दोपहर के समय ग्राम आटस में 45 वर्षीय बृजेश बघेल की करंट लगने से मौत हो गई। बृजेश अपने खेत पर मवेशी चरा रहे थे। बारिश के दौरान बिजली के खंभे के पास करंट फैल गया, जिसकी जानकारी बृजेश को नहीं थी, जब वह खंभे के पास से गुजरे, तब करंट की चपेट में आ गए। आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत किसान को मृत घोषित कर दिया। बृजेश की पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी भी हैं।



## इलाके में हुई हल्की बारिश से सड़कें तरबतर

**गंजबासौदा।** बुधवार को दूसरे दिन भी नगर में हल्की बारिश हुई। जिससे किसानों और लोगों को राहत मिल गई है। सुबह से धूप निकली तथा दोपहर बाद आसमान पर गहराई घटाओं से पहले नगर में कुछ समय हल्की बारिश हुई, इसके बाद देर शाम आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। किसानों का कहना है हल्की बारिश भी फसलों के लिए काफी लाभदायक है। किसान अब नियमित बारिश की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि दवाओं एवं कीटनाशकों का छिड़काव हो सके।

### अवैध संबंध की शंका एवं शादी न करने के कारण की थी महिला, बच्ची की हत्या

# मां बेटी की हत्या के बाद विचलित हो गया था आरोपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस मां और बेटी की हत्या करने वाले आरोपी राजा उर्फ अनुज विश्वकर्मा को पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश किया गया। इस अवसर पर पुलिस ने इस हत्याकांड को लेकर पत्रकारों को जानकारी दी।

एसडीओपी शिखा भलावी, कोतवाली टीआई संजय बेदिया, देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे ने पत्रकार वार्ता में बताया कि आरोपी राजा मृतका के साथ शादी करना चाहता था और इसके लिए पहले वह उसे अपने घर लेकर गया था। लेकिन उनके परिजन नहीं माने। इसके बाद घटना वाले दिन उसने रामसखी को उसके मायके पक्ष से शादी की बात करने के लिए ग्राम महू भेजा था। देर रात लौटी रामसखी ने भी बताया था कि उसके मायके पक्ष के लोग उसकी शादी में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं और वह स्वयं भी राजा से शादी नहीं करना चाहती है। इसी बात को लेकर उनके बीच अनबन हो गई थी। जब रात में खाना खाकर सभी सो गए थे, तभी रात करीब डेढ बजे राजा ने छोटे गैस सिलेंडर से रामसखी के सिर पर वार किया और उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद छोटी बेटी 3 वर्षीय मानवी को भी गला घोंटकर मार डाला। जबकि 7 वर्षीय तनु पास में ही सो रही थी। जिसे उसने कोई नुकसान नहीं पहुंचाया।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने बताया कि एक बार उसने तनु को बुरी तरह पीट दिया था, तब उसने तनु को फिर कभी हाथ न लगाने की कसम खाई थी। इसलिए उसे कोई नुकसान नहीं पहुंचाया, जबकि मानवी के कारण ही उसका रामसखी से झगडा होता था। इसलिए उसे भी मार दिया। वारदात के बाद आरोपी स्वयं विचलित हो गया था और इसी कारण उसने लिपस्टिक से कमरे की दीवारों पर रामसखी के प्रेम प्रसंग, अपनी मां से माफी मांगने जैसे कथन लिखे थे। पुलिस के अनुसार तीन माह साथ में रहने के दौरान खर्च एवं अन्य छोटी छोटी बातों पर भी दोनों के बीच विवाद होते रहते थे। जिससे राजा तंग आ गया था। एसडीओपी शिखा भलावी ने बताया कि दोनों शव रामसखी के परिजनों को सौंप दिए हैं। दोनों बेटियां अपनी नानी के पास हैं और अब दोनों बेटियों को संबल योजना और बाल कल्याण विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। इस कार्रवाई में शहर टीआई संजय वेदिया, राधेश्याम यादव, सियाराम शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, सुरेश रघुवंशी, सरमन साहू, अजय यादव, धर्मेन्द्र चंद्रवंशी, संतोष मरकाम, शिवम परिहार, अभिषेक शुक्ला, अरुण छारी, दीपेश यादव, अनिल यादव, सतीष तिवारी, द्रोपती तिवारी, आजाद सिंह, शिवा शर्मा की विशेष भूमिका रही।

### नपा अमले ने साफ, सफाई कर डाली चूने की लाइन




**गंजबासौदा।** बुधवार को नगर के वार्ड क्रमांक 9 सिंधी कॉलोनी में महिला मिलन एवं खाना खजाना का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसको देखते हुए कार्यक्रम स्थल की सफाई कर चूने की लाइन डाली गई। इस दौरान वार्ड पार्षद, आर के नेमा, अभिषेक श्रीवास्तव, संतोष प्रभारी दरोगा, विनोद कुमार प्रभारी मेट की मौजूदगी में साफ, सफाई कराई गई।

# आजाद व तिलक की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में स्वर्गीय शहीद चंद्रशेखर आजाद एवं देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बाल गंगाधर तिलक का जन्म जयंती समारोह मनाया गया। इस अवसर पर वाचनालय पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने देश के दो महान सपूतों के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें सदी का महानायक बतलाया और अपनी ओर से उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि बाल गंगाधर तिलक का जन्म 23 जुलाई 1856 को महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में हुआ था। वहीं मध्य प्रदेश के महान सपूत शहीद चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को झाबुआ जिले के भाबरा नामक स्थान पर एक ब्राह्मण परिवार में हुआ। उन्होंने इन दोनों के कृतित्व एवं व्यक्तित्व प्रकाश डालते हुए उनके जीवन के सिद्धांत और




आचरण को अपने जीवन में उतारने का संकल्प भी दिलाया।

इस अवसर पर नरेंद्र जैन, डॉक्टर अशोक रोहिले, सुबोध जैन और लायंस क्लब के अध्यक्ष विजय अरोरा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्हें देश का महान सपूत निरूपित किया। इस अवसर पर कैलाश नेमा, बबलू राय, देवेश सोनी, रवि सोनी, टीपू सोलंकी ,गोपाल सिंह राजपूत सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने आभार व्यक्त किया एवं तुलसीराम नामदेव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के अंत में 2 मिनट का मौन धारण कर देश के दो महान क्रांतिकारियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## खबर संक्षेप



**सिरोंज।** सिरोज-सागर संसदीय क्षेत्रीय सांसद डॉ लता बानखेडे ने संसद भवन के मकर द्वार पर लोकप्रिय सांसद एंव सुप्रसिद्ध अभिनेत्री हेमा मालिनी के साथ सौहार्दपूर्ण भेंट की।

### समेद शिखर जी के लिए रवाना हुआ जैन श्रद्धालुओं का जत्था



**सिरोंज।** सिरोंज जैन समाज के सेकडो श्रद्धालु समेद शिखर जी की यात्रा पर रवाना हुए। तो वही यात्रियो को रवाना करने के पूर्व पचखनी जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी एंव अन्य समाजजनो का सम्मान किया गया। जिमसें सम्मान करने वाले जैन समाज सिरोंज के पूर्व अध्यक्ष सुनील जैन गुरधानी, वरिष्ठ समाजसेवी विमलेश कुमार जैन गुलाबगंज ने यात्रियो का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही यात्रा पर जा रहें श्रद्धालुओ ने नगर के समस्त जैन मंदिर में दर्शन कर यात्रा के लिए रवाना हुए।

## सावन महोत्सव में बहुओं ने सास की उतारी आरती, प्रेम से रहने का लिया संकल्प

ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान सेवा केंद्र पर सावन माह में कार्यक्रम का आयोजन

# एक-दूसरे के गुण देखेंगे तो बनी रहेगी परिवार में एकता : बीके जानकी दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान सेवा केंद्र पर सावन माह के उपलक्ष्य में सावन महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में कई शिक्षाप्रद एक्टीविटी के माध्यम से सभी को संदेश दिया गया। महोत्सव में अलग-अलग ग्रुप बनाकर अनेक एक्टीविटी कराई गईं। तो वही परिवार में एकता कैसे लाएं विषय पर बीके जानकी दीदी ने कहा कि सभी सदस्य आपस में प्यार-स्नेह से रहें। एक-दूसरे की बातों को सम्मान दें, ख्याल रखें। आपस में एक-दूसरे में गुण देखें। कमियों को नजरअंदाज करें। एक-दूसरे का हौसला बढ़ाएं। यदि परिवार में कोई सदस्य किसी बात में कमजोर है तो उसका साहस बढ़ाएं, न कि तानें दें। मिल-जुलकर रहने से ही परिवार में एकता और सद्भाव बना रहता है।



### सावन मास उमंग उल्लास में रहना सिखाता है

इस मौके पर बीके जानकी दीदी ने कहा कि जब हम अपनी दिव्यता की धारणा पर चलते है तो हमारे दुख सुख में बदल जाते है। भारतीय संस्कृति में व्रत - त्योहारों में कथाओं में विचार, दृष्टि, बोल, व्यवहार बहुत अच्छा पाठ सिखाते हैं, जिन्हे सीखकर हम अपने जीवन को सरल बनाए। सावन मास हमें हर्ष उमंग उल्लास में रहना सिखाता हैं। परमात्मा शिव हमारी आत्मा से मिलने के लिए धरती पर आए हैं। उन्हें याद कर उनकी शिक्षाओं पर चल कर अपने जीवन को विकारों रूपी विष से मुक्त करने का यह स्वर्णिम काल है।

### कार्यक्रम में कराई गई क्रिएटिव एक्टीविटी

इस अवसर पर बीके जानकी दीदी ने सभी को क्रिएटिव एक्टीविटी कराई। इसमें सभी महिलाओं को पर्चियां दी गईं, जिसमें सास को बहू की और बहू को सास की पांच-पांच विशेषताएं व गुण लिखने को कहा गया। इस दौरान कई सास व बहू ने कहा कि मैंने पहले कभी गंभीरता से सोचा ही नहीं कि हमारी सास व बहू में इतनी विशेषताएं हैं। इस दौरान सभी बहुओं ने अपनी-अपनी सास की आरती उतारी और अपने मां की तरह सम्मान देने और ख्याल रखने का संकल्प किया।

### गुण देखेंगे तो गुणी बन जाएंगे

सेवाकेंद्र संचालिका बीके सरस्वती दीदी ने कहा कि जैसे आज आप सभी ने एक-दूसरे में गुण देखे, इसी तरह भविष्य में भी घर में गुण देखकर चलेंगे तो गुणी बन जाएंगे। आपस में सास-बहू के रिश्ते अच्छे रहेंगे। जब एक घर में रहना है, साथ रहना है तो क्यों नहीं प्रेम-स्नेह के साथ खुशी-खुशी रहें। ऐसे में जीवन आसान बन जाएगा। खुशनुमा बन जाएगा। इस दौरान सभी महिलाओं ने सावन के भजन गाए। समापन पर शिव बाबा की आरती की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

दलित व पिछड़ा वर्ग प्रबल दावेदार, सिरोज के कांग्रेस नेता भी शामिल

# कांग्रेस के जिलाध्यक्ष की घोषणा से पूर्व कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस से बाहर जाने की दी चेतावनी







हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी पार्टी संगठन सृजन अभियान के तहत विदिशा जिले में जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए सिरोंज,विदिशा के अनेको दावेदार प्रमुख रूप से अपनी दावेदारी प्रस्तृत की है। लेकिन कांग्रेस के जिला अध्यक्ष की घोषणा से पूर्व ही कांग्रेस नेता विछलित दिखाई दे रहे है। तो वही कांग्रेस नेताओ ने चेतावनी भी दे डाली की यदि कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष पद पर नई नियुक्ति व नए व्यक्ति को नही बनाया गया तो दर्जनो कांग्रेस के दिग्गज नेता कांग्रेस से बाहर जा सकते है। नेताओ ने कहा कि इस बार प्रमुख रूप से दलित पिछडा वर्ग से अध्यक्ष मिलना चाहिए। जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग से एडवोकेट सुभाष बोहत,पिछडा वर्ग विनोद सेन,महिला वर्ग से प्रियंका किरार,सामान्य वर्ग से आंनद प्रताप सिंह,महेन्द्र वर्मा,विकास शर्मा आदि के नाम अध्यक्ष पद के लिए पैनल में जाने की उम्मीद दिखाई दे रही है।

सूत्रो से मिली जानकारी अनुसार अनुसूचित जन जाति से एडवोकेट सुभाष बोहत का पल्ला भारी दिखाई दे रहा है। लेकिन जिला अध्यक्ष की नियुक्ति से पूर्व कांग्रेस में एक टीम ऐसा काम कर रही है। जो चाहती है कि जिला कांग्रेस की यथा स्थिति रहे। लेकिन नेताओ की चेतावनी के बाद कांग्रेस में ऐसा लगता है कि कुछ नया परिवर्तन नही हुआ तो विदिशा जिले में कांग्रेस के दो दर्जन से अधिक दिग्गज नेता कांग्रेस को छोड़ देंगे।

बिना बेस डाले ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा था सड़क निर्माण, नपा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने खुदवाया

# सड़क मरमम्मत कार्य का जायजा लेने पहुंचे नपा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सीएमओ



**सिरोंज।** नगर के बासौदा नाका स्थित सड़क गडडो में तब्दील होने से आम नागरिको को काफी परेशानियो का सामना करना पड रहा था। तो वही बारिश के मौसम से सडक के गडडो में पानी भराने से उक्त रोड पर आवागमन करने वाले नागरिको व राहगीरो पर कीचड उछटने के चलते नागरिको का सड़क से निकलना दूभर हो गया था। नपा परिषद की देखरेख में गडडो की मरमम्मत कार्य का नपा अध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया।

### जेसीबी से सड़क को उखड़वाया

नगर में चल रहें निर्माण कार्यो को जायजा लेने निकलने नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू,उपाध्यक्ष मनोज शर्मा व नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू जब नगर के मण्डी बायपास रोड स्थित एसडीएफसी बैंक के सामन चल रहे सड़क निर्माण का जायजा लेने पहुचें तो उन्होने देखे कि बिना बेस डाले ठेकेदार द्वारा सड़क डाल दी गई। जो कि कुछ ही समय बाद उखड जाती है। वही उन्होने तत्काल नपा से जेसीबी को बुलवाकर पूरी सडक को उखडवाया और ठेकेदार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाएगी। सड़क निर्माण करने से पहले बेस डाला जाए। उसके बाद सड़क निर्माण किया जाए।

# सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत नपा अधिकारियों ने समझाए स्वच्छ रहने के तरीके



**सिरोंज।** नगर पाकिला परिषद सीएमओ रामप्रकाश साहू,अध्यक्ष मनमोहन साहू एवं स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना के आदेश अनुसार स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शासन द्वारा 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाए जा रहे विशेष अभियान सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ के तहत आस्था समिति द्वारा वार्ड क्रमांक 11 में काला महल स्थित ऑल सेंट स्कूल के बच्चों को हाथ धोने की प्रक्रिया बताई गई। जिसमें हाथों की सफाई अच्छे से कैसे की जाए इसकी विधि विस्तार पूर्वक समझाई गई।

सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत सफाई रखने,घरों का कचरे को गिला सुखा अलग अलग कर के कचरा संग्रहण वाहन में डालने और घरों में आप पास पानी ना थामने दे। ताकि मलेरिया डेंगू जैसी बीमारियों से बचाव करने के बारे में जानकारी दी गई। इसमें स्कूल के प्राचार्य सहित शिक्षक,शिक्षिका एवं बडी संख्या में स्कूल के बच्चे और सफाई दरोगा राहुल करोसिया उपस्थित रहे।

### हरिभूमि की खबर का असरः एसडीए ने किया नगर परिषद का औचक निरीक्षण

**कुरवाई।** नगर की समस्याओं पर हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का असर सामने आया है। खबर के बाद एसडीएम नितिन जैन ने बुधवार को कुरवाई नगर परिषद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर की जांच की, जिसमें कई कर्मचारियों के हस्ताक्षर नहीं पाए गए। उन्होंने बताया कि तीन दिन पूर्व ही सीएमओ को निर्देश दिए गए थे कि सभी कर्मचारी ड्यूटी पर जाने से पहले रजिस्टर में हस्ताक्षर करें, अन्यथा उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा। निरीक्षण में जिन कर्मचारियों ने साइन नहीं किए उन्हें अनुपस्थित मानते हुए संबंधित प्रकरण नगरीय प्रशासन और कलेक्टर को भेजने की बात कही गई। जब पांच माह से रुके वेतन को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि अपात्र व अनियमित रूप से नियुक्त कर्मचारियों की जांच कर हटाया जाएगा, जिससे नियमित अस्थायी कर्मचारियों को समय पर वेतन मिल सके। नगर की छोटी-बड़ी समस्याओं के शीघ्र समाधान का भी आश्वासन दिया गया।

# आठ दिनों बाद दिन में जमकर हुई बारिश गर्मी एवं उमस से लोगों को मिली राहत

## जोरदार बारिश से हुआ पानी-पानी, नदी नालों का बढ़ा जल स्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

पिछले एक सप्ताह से बारिश न होने के कारण गर्मी और भारी उमस से लोग परेशान बने हुए थे। बुधवार को सुबह से आसमान में बादल छा जाने के साथ दोपहर में एक-डेढ़ घंटे तक झमाझम बारिश होने से तापमान में गिरावट और गर्मी उमस से लोग राहत महसूस करने लगे है। बारिश से धान की क्यारियों में भरपूर पानी भर जाने से किसानों को बिजली की किल्लत और ट्यूबवेलों का उपयोग बंद करना पड़ा।

बुधवार की दोपहर में तेज हवा आंधी के साथ हुई झमाझम बारिश के कारण नालियों से बाहर पानी सडक़ो पर बहने की स्थिति बनी, जब तक बारिश होती रही, जो जहॉं था वही थम कर बारिश रूकने का इंतजार करता रहा। पिछले 7-8 दिनों में बारिश न होने से सूरज के तेवर तीखे बने रहे। दिन-रात गर्मी और पसीना निकलने से लोग परेशान हो उठे थे। वही जिन किसानों की धान लग गई खेतों का पानी सूखने से दरारें भी पडऩा शुरू हो गई थी।



नदी नालों का बढा जल स्तर - सावन के महिनें में पहली बार हवाओं के साथ झूम-झूम कर बादल बरसते रहे। भीषण गर्मी, उमस को शांत कर देने वाली जोरदार बारिश से एक बार फिर क्षेत्र के नदी नालों का जल स्तर बढऩा शुरू हो गया है।

### झमाझम बारिश से बदला मौसम

एक सप्ताह पूर्व तक लगातार बारिश होती रही। बुधवार को हुई झमाझम तेज और आंधी के साथ हुई बारिश का पानी घरों के भीतर बौझारों से पहुंच जाने की स्थिति रही। दीनदयाल परिसर चौराहे से कब्रिस्तान चौराहे, नाहर कालौनी, दालमिल मोहल्ला, टाकीज रोड, बडा बाजार, पावर हाउस रोड, पशु चिकित्सालय रोड पर एक-डेढ घंटे की जोरदार बारिश से सडक़ो पर पानी आने, भर जाने की परेशानियों भरी स्थिति बनती रही। सडक़ो पर भरे पानी के बीच दो पहिया, चार पहिया वाहनों का आवागमन करना मजबूरी बना रहा। दिन में जोरदार बारिश के बाद भी आसमान में घने बादलों का डेरा बना रहने से बारिश की संभावना बनी हुई है।

# कलेक्टर ने टीम के साथ क्षेत्र के मूंग खरीदी केन्द्र एवं वेयर हाउसों का किया निरीक्षण

◆ उदयपुरा में गोशाला और बाड़ी के खाद वितरण केंद्र पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद वेयर हाउस बने खरीदी केन्द्रों पर चल रही है। बुधवार को कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, एसडीएम संतोष मुदगल और विभिन्न विभागों के अधिकारियों की टीम के साथ वेयरहाउसों का निरीक्षण कर चल रही मूंग खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उदयपुरा की माखन चोर गौशाला और बाड़ी के खाद वितरण गोदाम भी पहुंचे।





### कलेक्टर के साथ रहे अधिकारी रहे मौजूद

कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के साथ डीआर बाघमारे, सहकारी बैंक की सीईओ श्रीमती अंजुलि बाघमारे, कृषि विभाग के डीडीए विपणन संघ के डीएमओ कल्याण सिंह ठाकुर, शिक्षा विभाग के रैकवार के साथ एसडीएम संतोष मुदगल, पशु चिकित्सा विभाग के रमेश शुक्ला सहित अन्य विभागों के अधिकारियों की टीम रही। बाड़ी स्थित खाद वितरण गोदाम के साथ विजय वेयर हाउस, शिवशक्ति वेयरहाउस बाड़ी, मारूति वेयर हाउस बाग पिपरिया, नाहर वेयरहाउस पहुंचकर मूंग खरीदी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। प्रतिदिन मूंग खरीदी केन्द्रों, वेयरहाउसों पर मूंग बैंचने वाले किसानों ट्रेक्टर ट्रालियों में भरी मूंग की लम्बी लाइनें लग रही है।

### पहुंचे गोशाला

कलेक्टर विश्वकर्मा विभिन्न विभागों के अधिकारियों की टीम के साथ उदयपुरा तहसील के ग्राम छिकरा में चल रही माखन चोर गौशाला पहुंचे। विभिन्न स्थानों पर किसानों, स्थानीय जन प्रतिनिधियों से भी चर्चा की गई।

ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती बनी जी का जंजाल, किसानों को परेशानियां

# मूंग की खरीद : तौल में पास फेल, कमीशन का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

क्षेत्र में एक सप्ताह के बिलम्ब से समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद शुरू हुई। पिछले एक सप्ताह में प्रत्येक मूंग खरीदी केन्द्र, वेयर हाउसों पर मूंग की तौल कराने किसानों की भीड़ लग रही है। वेयर हाउसों के सामने वाली मुख्य सडक़ो पर ट्रेक्टर ट्रालियों की लम्बी लाइनें और किसानों को अपनी बारी आने का दो-तीन दिनों तक इंतजार करना पड रहा है।

किसानों की समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी में विपणन संघ के सर्वेयरों, गोदाम मालिकों और खरीद संस्थाओं के बीच किसानों की मूंग को पास, फेल, उपरी राशि वसूली का खेल, ग्रीष्मकालीन मूंग पैदा करने वाले किसानों के लिए जी का जंजाल और भारी परेशानियों का कारण बन रहा है। किसानों के पंजीयन पर व्यापारियों से मूंग खरीद करने की शिकायतें भी आम चर्चाओं का विषय बन रही है।

14 जुलाई से क्षेत्र के कुछ केन्द्रों पर मूंग की खरीद तौल शुरू हुई। किसान अपनी ट्रेक्टर ट्रालियों में भारी संख्या में मूंग भर कर पहुंच रहे है। केन्द्रों पर मूंग की तौल का कार्य धीमी गति से होन के कारण किसानों का धैर्य टूट रहा है। धान रोपाई का सीजन भी चल रहा है। इसी से किसान हैरान परेशान और सक्रिय दलालों द्वारा उपरी राशि मिलने पर सभी नियमों को दर किनार कर मूंग खरीदने में विवाद की स्थिति भी बनती है।

**खास बातें**

- कमीशन के खेल में नान एफएक्यू मूंग, किसानों के नाम पर व्यापारियों से खरीद
- खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण, किसानों की समस्याए सुनने जिम्मेदार उदासीन



मूंग की तौल से पूर्व उसे पास फेल के खेल में हैरान परेशान किसानों द्वारा मंडी में कम दाम आर्थिक नुकसान उठाने के स्थान पर प्रति क्विंटल उपरी राशि दी जाने, वसूलनें की व्यापक स्तर पर शिकवा शिकायतें और मूंग खरीदी में हो रही परेशानियां, मनमानी और अनिमित्ताए व्यापक असंतोष का कारण बनती नजर आ रही है।

### नान एफएक्यू मूंग की खरीद

पिछले वर्षो में भी समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद तौल के दौरान जम कर मनमानी, अनिमित्ताए और नान एफएक्यू मूंग की खरीद की गई। मिट्टी, कचरा, दाल मिली हजारों कुन्टल मूंग गोदामों में सड रही है। उसे व्यापारी खरीदने तैयार नहीं है। मार्कफेड के लिए सहकारी संस्थाओं द्वारा मूंग की खरीद की जाती है। सर्वेयर सहकारी संस्था और वेयर हाउस संचालक मूंग का नमूना पास फेल करते है, फिर क्या कारण है कि नान एफएक्यू मूंग गोदाम में भंडारण हो जाती है। किसानों का कहना है कि प्रति क्विंटल उपरी राशि दो, सभी नियम शिथिल हो जाते है।

### कोली पट्टा सत्यापन से परेशान

*जिन किसानों के पास कृषि भूमि तो है, परंतु वह स्वंय खेती न कर अन्य किसानों को खेती करने कोली पट्टा पर दे देते है। ऐसे किसानों ने कोली पट्टा के आधार पर मूंग बैंचने पंजीयन करा लिया, अब मूंग की खरीद तौल से पूर्व दौनों पक्षों को तहसील बुला कर सत्यापन कराये जाने से प्रदेश देश के विभिन्न स्थानों पर निवास करने वाले भूमि स्वामी हैरान परेशान हो रहे है। मूंग से भरी ट्रेक्टर ट्रालियां स्लॉट बुक होने से केन्द्रों के बाहर लम्बी लम्बी लाइनें लगा कर खडी है। कोली पट्टा सत्यापन में किसान प्रतिदिन तहसील के चक्कर लगा रहे है। मूंग कटाई के बाद सेकडो किसानों ने अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने मंडी में मूंग बैंच दी। ऐसे किसानों के पंजीयन पर व्यापारी, दलाल मूंग बैंचने सक्रिय बने हुए है। कुल मिला कर ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती, उसको समर्थन मूल्य पर बैंचना तौलकराना किसानों के लिए भारी मुसीबतों और जी का जंजाल बनने से अगले वर्ष क्षेत्र में मूंग की खेती का रकबा कम हो सकता है।*

# मानस सत्संग भवन में छात्रों द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

मानस सत्संग भवन में राष्ट्रीय हिन्दू सेना एवं समाजसेवियों के सहयोग से चल रहे शिवलिंग निर्माण महोत्सव के दौरान निजी शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण पूजन किया। पुलिस अधिकारियों द्वारा नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं सहित अन्यों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

शिवलिंग निर्माण महोत्सव के धार्मिक आयोजन में डेस्टिनेंशन स्कूल, विद्या निकेतन हा.से. स्कूल, डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल, बरेली विद्या मंदिर हा.से. स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लेकर पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण पूजन, आरती की गई। पं. चंद्रकांत महाराज, राहुल रघुवंशी ने तीसरे दिन के कार्यक्रम की दीप जला कर शुरूआत की गई।




**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार के निर्देश अनुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि जिसका सर्वे नं. 164 रकवा 0.701 हे. भूमि प.ह. धतूरिया ग्राम धतूरिया तहसील व जिला विदिशा का रामबाबू (दांगी) निवासी विदिशा की स्वत्व व आधिपत्य की है जिसका मेरे पक्षकार संध्या वर्मा विदिशा के द्वारा क्रय करने हेतु अनुबंध पत्र करा लिया है और अनुबंध की आंशिक पूर्ति में बयाना राशि अदा कर दी है अब शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन होना शेष है। इसलिये इस जाहिर सूचना द्वारा सर्वसाधारण, व्यक्ति विशेष, संस्था, सहकारी संस्था बैंक सोसायटी शासकीय अशासकीय एवं अर्द्धशासकीय, या अन्य कोई व्यक्ति अपना हित या आपत्ति रखते हों तो इस सूचना प्रकाशन के 3 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित में दर्ज करा सकते है वाद गुजरने म्याद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति किसी व्यक्ति, संस्था सहकारी संस्था, बैंक या अन्य की मान्य नही होगी। और विक्रय पत्र संपादित करा लिया जावेगा। एवं भूमि का कब्जा प्राप्त कर लिया जावेगा। अत: सूचित हो।

भवदीय कौशल किशोर माँझी एडवोकेट
श्री लॉ चैंबर राजीव नगर विदिशा
मो.9826976981



वेयर हाउसों के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लगी कतारें, आस लगाए बारिश में डटे किसान

# मूंग खरीदी केंद्रों पर मुश्किल में अन्नदाता स्लॉट बुक, पर नहीं हो रही समय पर तुलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में मूंग की पैदावार करने वाले किसानों की मुश्किलें कम होती नजर आ रही हैं। तमाम प्रयासों के बाद भले ही चाहे डॉ मोहन सरकार ने समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की प्रक्रिया शुरु कर दी है। लेकिन अभी भी कई स्थानों पर मूंग खरीदी शुरू न होने से किसान परेशान हैं। जिले में भी मूंग बेचने के लिए बनाए जिले में 45 समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी केंद्रों पर किसान दिन रात इंतजार कर रहे हैं। हालात ये हैं कि वेयर हाउस के सामने सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में मूंग की फसल रखी हुई है, लेकिन अभी तक कई वेयर हाउस में एक दाना भी मूंग की खरीदी तो छोड़िए तुलाई तक नहीं हुई है।

जिले में एक तरफ जहां मूंग खरीदे के दावे किए जा रहे हैं। वहीं इसके विपरीत धरातल पर हालात कुछ अलग है। जिले के अधिकतर वेयर हाउसों में मूंग की खरीदी शुरू हुई, लेकिन भारी अव्यवस्थाओं के बीच। किसानों के स्लॉट जरूर बुक हो गए हैं, लेकिन स्लॉट बुकिंग में दिए समय के अनुसार जो किसान अपनी फसल लेकर वेयर हाउस पर पहुंच गए हैं वो वहीं पर अटके हुए हैं। जिला विपणन विभाग रायसेन से मिली जानकारी के मुताबिक रायसेन तहसील के परसौरा गांव के पास श्री विनायक बेयर हाउस पर किसानों की सैकड़ों ट्रेक्टर ट्रॉलियां तुलाई और खरीदी के इंतजार में खड़ी हैं। किसानों को चिंता है कि कहीं बारिश हो गई तो उनकी फसल भीग न जाए। किसानों ने बताया मूंग खरीदी प्रभारी वेयर हाउस मालिक सर्वेयर की गठजोड़ से किसानों की मूंग तुलाई में डंडिमार की जा रही है। किसानों द्वारा आरोप लगाते हुए कहा कि 200 से 300 रुपये प्रति क्विंटल मूंग तुलाई की जा रही है।अगर रुपये भेंटपूजा में किसान ने यदि नहीं दिए तो उनका मूंग सैंपल रिजेक्ट कर देते हैं सर्वेयर।मजबूरी में उन्हें सर्वेयरों को भेंटपूजा देना ही पड़ता है।तब कहीं जाकर काम बन पाता है।



### वेयर हाउस पग्नेश्वर पर मूंग से भरी ट्रॉलियों की कतारें

*वेयर हाउस किशनपुर और पग्नेश्वर में धान से भरे ट्रैक्टर ट्रालियों की लंबी कतारें लगी हुई है। किसानों का कहना है कि तुलाई की गति धीमी इसलिए है क्योंकि बगैर भेंट पूजा के हमारी मूंग तुलाई कराना नामुमकिन हो रहा है। सर्वेयर से लेकर मूंग केंद्र के प्रभारी और जिला विपणन संघ के सुपरवाइजर की मिलीभगत से यह सब गड़बड़झाला का खेल चल रहा है। जिला विपणन विभाग के सुपरवाइजर मॉनिटरिंग करने मूंग खरीदी केंद्रों पर नहीं जाते। मूंग बेचने आए किसान राम सिंह, डॉ टीकाराम लोधी, प्रभु सिंह लोधी, रामप्रताप धाकड़, अजमेर सिंह यादव का कहना है कि हम लोग ट्रैक्टर ट्राली लेकर पिछले 3 से 4 दिनों से रिमझिम बारिश में खड़े हुए हैं।*

### मूंग में निकाली जा रही मीनमेख

समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी में भारी गड़बड़ी घोटाले के चलते किसान बेहद परेशान है बड़ी मात्रा में साफ़ मूंग को खराब मूंग बता कर भेंट पूजा ले रहे हैं वेयरहाउस और गोदाम में सहकारी समितियों ने भी अमानक स्तर की मूंग खरीदी की है। यह मूंग बड़े किसानों और अनाज व्यापारियों की बताई जा रही है। पिछले दिनों अमानक मूंग खरीदी की शिकायत है जिला प्रशासन के जनसुनवाई में भी पहुंची थी। बताया जा रहा है कि दलालों के जरिए यहां पर पुरानी कचरा मिट्टी युक्त मूंग प्रबंधक द्वारा खरीदी की जा रही है।



### कलेक्टर ने मूंग खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

जिले में मूंग उपार्जन केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, एमडी कल्याण सिंह ठाकुर द्वारा उपार्जन केंद्रों का भ्रमण कर मूंग खरीदी कार्य का जायजा लिया जा रहा है। बुधवार को कलेक्टर द्वारा सुल्तानपुर तहसील के मूंग समर्थन मूल्य खरीदी केंद्र ईश्वर वेयरहाउस चांदनगोड़ा तथा वैष्णवी वेयरहाउस का निरीक्षण कर मूंग खरीदी कार्य का अवलोकन किया। साथ ही मूंग की गुणवत्ता भी देखी। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने उपस्थित केन्द्र प्रभारी और अमले से अभी तक उपार्जित मूंग की मात्रा की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि उपार्जन नीति के अनुरूप मूंग खरीदी कार्य किया जाए।

### इनका कहना है.....

जिला विपणन विभाग की टीम को मूंग खरीदी केंद्रों पर भेजकर डोर टू डोर जांच कराई जाएगी। किसानों के साथ मूंग तुलाई में गड़बड़ी व देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- **कल्याण सिंह ठाकुर**, एमडी जिला विपणन विभाग रायसेन

### एक-दो दिन में होगा भुगतान

हमारे स्तर पर कोई मामला लंबित नहीं है। डब्ल्यूएचआर जारी हो रहे हैं। शुरुआती प्रक्रिया में ही थोड़ा समय लगता है, बाद में तेजी आ जाती है। संभवतः अगले एक दो दिनों में किसानों को भुगतान हो जाएगा।

- **केवी भगत**, जिला उपसंचालक कृषि अधिकारी

### इंतजार के अलावा क्या करें

10 जुलाई को मूंग बेची, बिल बन गया। भुगतान 12 दिन बाद भी नहीं मिला। अधिकारी देरी का कारण भी नहीं बता रहे। लोगों को उधारी के रुपए चुकाना है। सोयाबीन, मक्का के लिए खाद खरीदना है। बच्चों की फीस जमा करना है। बिजली बिल भरना है। मूंग बेच चुके अब इंतजार के अलावा क्या करें।

- **हेमंत पटेल**, किसान

### मंडी में बेच देते तो ठीक रहता

12 दिन से भुगतान की जानकारी के लिए चक्कर लगा रहे हैं, कोई सही जवाब नहीं दे रहा है। सोयाबीन में स्प्रे करना है। बारिश में पुराने घर को सुधरवाना है। 3 से 7 दिन का नियम है, लेकिन 12 दिन बाद भी हाथ खाली हैं। मंडी में बेच देते तो ठीक रहता।

- **पूनम गुर्जर**, किसान

## किसानों के आरोप - राजस्व अमला रौंद रहा खड़ी फसल

अधिकारी बोले - खेतों से अतिक्रमण हटाने की होगी कार्रवाई, भेजेंगे टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बारिश में किसानों के खेतों के गढ़ों में धान पौधों की हुई रोपाई उधर सड़क ठेकेदार के अधिकारियों द्वारा गिरदावल पटवारियों की टीम लेकर जमीन अधिग्रहण करने जेसीबी लेकर पहुंचे, किसानों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार के अधिकारियों ने जबरन धान के पानी से भरे गढ़ों की तोड़ कर नुकसान पहुंचाया।

बायपास सड़क निर्माण के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहण की जा रही है। किसानों ने बताया कि किसी को कम किसी को ज्यादा भू-अर्जन मुआवजा दिया जा रहा।

खनपुरा की जमीन के सड़क किनारे मकान पर भी जेसीबी मशीन से गिराया जा सकता है। मकानों का सर्वे हो चुका है। बुधवार को दोपहर 2 बजे गोपालपुर के आगे जिंद बाबा के धार्मिक स्थल के सामने और बारला के बगल से होते हुए खेतों से खरगावली बायपास निर्माण कराया जाना तय है। इसीलिए बायपास सड़क ठेकेदार के अधिकारियों की टीम, राजस्व विभाग के आरआई धनीराम अहिरवार, कस्बा पटवारी सीताराम आदिवासी, एक महिला पटवारी मौके पर पहुंचे।

### अन्नदाओं ने लगाया राजस्व टीम पर आरोप

किसान गुलाब सिंह बघेल, मेहरबान सिंह, जोत सिंह, खेत सिंह ठाकुर ने बताया कि राजस्व विभाग की टीम जबरन हमारे धान के खेतों में घुस रही है। इतना ही नहीं जेबीसी से खेतों की पार को तोड़फोड़ रही है। उन्होंने कलेक्टर से टीम को जबरिया कार्रवाई करने पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि हमारी फसलों को नुकसान पहुंचा तो इसका अंजाम बुरा होगा।

### इनका कहना है

हमें एनएचएआई को बायपास सड़क निर्माण के लिए कब्जा दिलाना है। किसानों को अवार्ड राशि दिला दी गई थी तो उन्होंने खेतों में खरीफ फसलों की बोवनी क्यों की, यह गलत है। खेतों से किसानों के कब्जे हटाने की कार्रवाई गुरुवार को भी की जाएगी।

- **भरत मांडले**, तहसीलदार रायसेन।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर नरसिंहगढ़ से आरोपी को धरदबोचा

## मूंग की चोरी में 2 साल से फरार स्थाई वारंटी हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

दो साल से बेरखेड़ी चौराहे से मूंग चोरी के मामले में फरार स्थाई वारंटी को नरसिंहगढ़ से घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी को पकड़ने में थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी के दिशा निर्देशन में प्रधान आरक्षक गणेश रघुवंशी और दिनेश राजपूत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बुधवार को आरोपी को रायसेन न्यायालय में पेश किया गया है।

थाने से मिली जानकारी अनुसार 13 जून 2023 को फरियादी सुलेमान पुत्र सुल्तान खां निवासी बेरखेड़ी चौराहा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि खलियान में रखी 15 क्विंटल मूंग में से 2 क्विंटल 20 किलो मूंग अज्ञात चोर चुराकर ले गए हैं। पुलिस ने सीहोर मंडी में घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

वहीं चोरी को अंजाम देने वाले 3 मास्टरमाइंड काला उर्फ जावेद, शानू और कुट्टिन उर्फ अज़हरुद्दीन तीनों निवासी भोरासा बैरसिया जिला भोपाल फरार होने में सफल हो गए थे। पुलिस ने वारदात के फरार स्थाई वारंटी मास्टरमाइंड अजहरुद्दीन निवासी भोरासा बैरसिया जिला भोपाल को नरसिंहगढ़ से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है।



### घेराबंदी कर किया गिरफ्तार

2 साल से मूंग चोरी के मामले में फरार स्थाई वारंटी अजहरुद्दीन को नरसिंहगढ़ से घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली है। आरोपी आदतन अपराधी है और उसके विरुद्ध पहले से ही 6 मामले दर्ज हैं। आरोपी को बुधवार के दिन रायसेन न्यायालय में पेश किया गया है।

- **दिनेश सिंह रघुवंशी**, थाना प्रभारी सलामतपुर।

### *बेरखेड़ी से मूंग चोरी कर सीहोर में बेच रहे थे*

*चोरी की वारदात में शामिल पांचों आरोपी चोरी की मूंग बेचने 70 किलोमीटर दूर सीहोर मंडी लोडिंग ऑटो क्रमांक एमपी 04 एलडी 7966 से लेकर पहुंच थे। मंडी में मूंग की नीलामी भी हो गई थी। इसे व्यापारी द्वारा 6700 रुपए क्विंटल के रेट से खरीदा था। थाना प्रभारी ने समझदारी करते हुए सीहोर मंडी इंस्पेक्टर और सीहोर थाना प्रभारी को मामले से अवगत कराते हुए लोडिंग ऑटो रोककर रखने का बोल दिया। इस दौरान फरियादी सुलेमान खां के परिचित भी मौके पर नज़र बनाए हुए थे। पुलिस मंडी पहुंच कर घेराबंदी कर दो आरोपी शिवम पुत्र लखन कुशवाहा और मोनू पुत्र मुंशीलाल अहिरवार दोनों निवासी नीलबड़ भोपाल को लोडिंग ऑटो के साथ गिरफ्तार कर लिया। लेकिन वारदात के मास्टरमाइंड दूर खड़े होकर देख रहे थे और मौके से फरार होने में सफल हो गए थे।*

## कर्क रेखा पर अनियंत्रित होकर पलटी कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

बुधवार की सुबह 8 बजे भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित कर्क रेखा के सामने अचानक सामने कुत्ता आ जाने से वह कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में 3 से 4 व्यक्ति सवार थे, जिन्हें कोई चोट नहीं है। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई है। कार सतना से भोपाल की तरफ जा रही थी। कार की टक्कर से कुत्ता की भी घटना स्थल पर मौत हो गई।

## शहर की वीआईपी कॉलोनी में हुई चोरी के बदमाश अभी तक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के वार्ड 4 वीआइपी कॉलोनी में बीती रात कार से आए वीआइपी चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाया। यहां सोना, चांदी के कुछ जेवर सहित नगदी पर हाथ साफ कर चोर कार से फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार घटना 20 जुलाई की रात की है। जिसके आधार पर पुलिस ने चोरों की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि वीआइपी कॉलोनी की मुख्य सड़क पर स्थित सूने मकान को चोर गिरोह ने निशाना बनाया। उक्त मकान के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिया कि एक स्विफ्ट कार रात 11.52 बजे घर के सामने आकर रुकी। जिसमें से दो लोग बाहर निकले और सीधे अन्नी राठोर के सूने मकान की दीवार फांदकर गेट का ताला तोड़कर अंदर घुस गए।

रात 12.09 बजे उक्त कार फिर वापस आकर घर के बाहर रुकती है और दोनों चोर घर से निकलकर कार में बैठ जाते हैं। कार भोपाल बायपास की तरफ चली जाती है। मकान मालिक अन्नी राठोर की पत्नी मायके गई थी। जबकि वे खुद रायसेन में अपने दूसरे मकान में रह रहे थे। घटना का पता सोमवार रात को पता चला जब अन्नी वापस लौटे। उन्होंने घर का ताला टूटा देखा और अंदर सामान बिखरा था।



## शिक्षकों ने उपलब्ध कराई 50 थाली-गिलास

**रायसेन।** एकीकृत माध्यमिक स्कूल गोपीसुर सतकुंडा में मंगलवार को दोपहर जब जिपं की सीईओ अंजू पवन भदौरिया औचक निरीक्षण करने पहुंची, तो कुछ शिक्षक गायब मिले। वहीं स्कूली छात्र छात्राएं मिड डे मील का भोजन के दौरान हाथों में रोटियां लेकर खाते मिले तो सीईओ श्रीमती भदौरिया ने टीचरों को फटकार लगाते हुए अव्यवस्था को लेकर सुधार के निर्देश दिए। उन्हें कारण बताओ नोटिस भी थमाए गए। इस फटकार का नतीजा यह निकला कि अगले रोज बच्चों को 50 थालियां 50 गिलास का सेट टीचर लेकर स्कूल पहुंचे। गुरुवार को दोपहर का मध्यान्ह भोजन थाली में परोसा गया। पीने के पानी के लिए गिलास दिए गए हैं।



# दीवानगंज अस्पताल में तीन दिन से नहीं है कोई डॉक्टर

◆ *25 गांव के मरीज हो रहे हैं परेशान, प्राइवेट इलाज कराना बन गया मजबूरी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज इन दिनों डॉक्टरों और अन्य स्टॉफ की लापरवाही से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। अस्पताल में कभी नर्स सही समय पर नहीं पहुंचती तो कभी डॉक्टर पूरे दिन नहीं पहुंचते हैं। क्षेत्र के 25 से 30 गांव के मरीज इलाज कराने पहुंचते है।

बीते सोमवार, मंगलवार और बुधवार को कोई भी डॉक्टर दीवानगंज अस्पताल नहीं पहुंचा। इन तीनों दिनों में कई मरीज दिनभर अस्पताल में बैठकर शाम को अपने घर वापस लौट गए। 25 से 30 गांव के मरीज जब स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते हैं तो उन्हें डॉक्टर नहीं मिलते है, जिससे मरीजों को प्राइवेट डॉक्टरों से महंगा इलाज कराना पड़ता है या मजबूरी में भोपाल या विदिशा जाना पड़ रहा है। इससे लोगों का समय के साथ ही पैसे की भी बर्बादी होती है। मौसमी बीमारियों की वजह से स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की संख्या प्रतिदिन बढ़ने लगी है, लेकिन डॉक्टर एवं स्टॉफ न तो कभी समय से आते हैं और न ही सही से इलाज करते हैं। अस्पताल खुलने का समय सुबह 9 बजे का है, लेकिन स्टाफ 11 से 12 बजे के बीच में पहुंचता है।

लंच के बाद अस्पताल वीरान हो जाता है। कोई भी स्टाफ नहीं रुकता है। सुबह 9 बजे से दूरदराज ग्रामीण इलाके से आकर डॉक्टरों एवं स्टाफ का 11 बजे तक इंतजार करते रहते हैं।





## युवक को ई-रिक्शा ने पीछे से मारी टक्कर

**सलामतपुर।** हाइवे 18 पर एक बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर के ई-रिक्शा चालक ने हनुमान मंदिर की ओर पैदल जा रहे प्रकाश बेदी को पीछे से टक्कर मार दी। चालक मौके से वाहन छोड़कर फरार हो गया। वहीं टक्कर से युवक के हाथ व पैर में चोटें आ गईं। युवक को ईलाज के लिए सांची सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां युवक का प्रथमिक उपचार किया गया। पुलिस ने ईरिक्शा ज़ब्त कर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच में लिया है।



## बाढ़ आपदा व बचाव कार्यक्रम के दौरान महादेव पानी पर रेस्क्यू देखने जुटी ग्रामीणों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

पुलिस चौकी खरबई अंतर्गत गोपीसुर सतकुण्डा स्थित महादेव पानी में बुधवार को बाढ़ आपदा एवं बचाव कार्य संबंधी मॉकड्रिल एनसीओ एकेडमी धाना जिला प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई।

मॉकड्रिल में एनसीओ एकेडमी, एसडीआरएफ तथा होमगार्ड द्वारा संयुक्त रूप से बाढ़ के दौरान पानी में फंसे नागरिकों को बचाने रेस्क्यू कर, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले जाने और प्राथमिक उपचार देने का अभ्यास किया। मॉकड्रिल में विभिन्न बचाव तकनीकों का प्रदर्शन किया। इसके अलावा बाढ़ से पहले, बाढ़ के दौरान और बाद में बरती जाने वाली सावधानियों और बचाव उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

जिला होमगार्ड कमांडेंट उमेश तिवारी ने बताया कि जिले में बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने पर त्वरित बचाव एवं राहत कार्य शुरू किए जा सके, इसके लिए समय-समय पर मॉक अभ्यास कर तैयारियों को परखा जा रहा है।



मुनि निवृत्त सागर ने बताया युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति से भटक रही

# पुण्य करो, धन संपत्ति स्वयं आपके पीछे भागेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

जीव अपने भाव शुभ कार्यो में लगावे, ताकि परिणाम सार्थकता प्रदान कर सके, शुभ परिणामो से ही सुख और मुक्ति की प्राप्ति होती है। धर्म किए बगैर तीन काल में भी सुख शांति की प्राप्ति संभव नही है। यह उद्गार मुनि साक्ष्य सागर महाराज ने बुधवार को धर्मसभा में समाजजनो के बीच व्यक्त किए।

उन्होंने बताया कि जैसे मेघ के बगैर बर्षा संभव नही, पशु को पहाड़ चढ़ना संभव नही, बंजर जमीन में खेती करना संभव नहीं, ऐसे ही जीव को संयम व धर्म के बगैर सुख व मुक्ति की प्राप्ति होना संभव नही है। यह कटु सत्य है कि सुख व दुख व्यक्ति के द्वारा किए गए पाप-पुण्य का ज्ञान कराते है।

हालांकि व्यक्ति सुख में सुखी होता है, लेकिन दुख आने पर अपने को कोसता है, लेकिन वह यह भूल जाता है कि कर्मो के चलते ही दुखों का सामना करना पड़ रहा है।



### भोगों में तल्लीन नहीं होना चाहिए

उन्होने बताया कि कभी भी धन संपत्ति के पीछे छलांग मत लगाओं, यदि धन, संपत्ति, बैभव, विलासिता की तरफ भागोगे तो यह मिलना संभव नही है। बल्कि पुण्य का उपार्जन करो, दीन हीन, लाचार लोगो की निस्वार्थ भाव से मदद करो, ऐसा करने से धन, दौलत, बैभव आपके पीछे पीछे चले आएगें। पुण्य के आश्रय से विषय भोगो में तल्लीन हुए तो पाप बंध का कारण बनेगा। पुण्य से प्राप्त भोग सामग्री को भी शुभ कार्यो में लगाना चाहिए।

### *देव, शास्त्र,गुरु की शरण में आनंद की अनुभूति हैं*

*मुनि साक्ष्य सागर ने बताया कि आत्म ज्ञान के बगैर किए गए कार्य असफल होते है। जो भी जीव धर्म के कार्य बगैर किसी स्वार्थ के करता है। वह जीव पुरुषार्थ होता है। देव, शास्त्र गुरु की शरण में ही सारे संसार का सुख समाहित है। परंतु जीव पाश्चात्य संस्कृति को अपना कर उसमें सुख की तलाश कर रहा है।*

### *युवा पीढ़ी संस्कृति से भटक रही है: मुनि निवृत्त सागर*

*बेबाक शब्दो में, सहज सरल भाषा में अपनी बात स्पष्ट करने वाले मुनि निवृत्त सागर ने बताया कि समय पर किया गया कार्य व्यक्ति को महान बनाने के साथ ही सफलता के द्वार खोलता है। देखा जा रहा है कि वर्तमान की युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति से भटक कर धर्म से विमुख होकर पाश्चात्य सभ्यता की तरफ उन्मुख हो रही है। ऐसा होने से युवा पीढ़ी का वर्तमान व भविष्य उन्नत नहीं हो सकता है।*